तुषार त्रिपाठी, आई.ओ.एफ.एस.
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (कार्यवाहक)
Tushar Tripathi, I.O.F.S.
Chairman and Managing Director (Offg.)
दूरभाष संख्या /Phone No. 0135-2787197
फैक्स संख्या /Fax No. 0135-2787305
Email : tushartripathi@ord.gov.in

इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड
भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय
(ओफिस कैंपस) रायपुर, देहरादून- 248008
उत्तराखंड
India Optel Limited
A Govt. of India Enterprise, Ministry of Defence
(OFIL Campus) Raipur, Dehradun-248008
Uttarakhand

सं.आई.ओ.एल./सी.एम.डी./संदेश दिनांक 01 जनवरी 2025

**मेरे प्यारे मित्रों,**

2025 के इस प्रथम दिवस पर मैं जिम्मेदारी, विनम्रता और सम्मान की गहरी भावना के साथ आपके साथ अपने विचार साझा करना चाहता हूं।

रक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के रूप में इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ उद्योग जगत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। विकास हासिल करने के लिए हमें गुणवत्ता, मात्रा, वितरण और नवाचार के मामले में अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। हमें सरकार की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भरता' की नीति के अनुरूप भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक प्रमुख इंटीग्रेटर और समाधान प्रदाता के रूप में रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में अपेक्षित भूमिका निभानी होगी। डिजाइन और विकास पर स्पष्ट ध्यान देने के साथ हमें आई.ओ.एल. के भाग्य को सुदृढ आकार देना होगा।

वास्तव में आई.ओ.एल. ने इस दिशा में पहला कदम उठा लिया है। हमने वित्त वर्ष 2023- 24 में 28% से अधिक की वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिये हैं । हम वित्त वर्ष 2024-25 में 1600 करोड़ रूपये के कारोबार की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। 1 अप्रेल 2024 तक आई.ओ.एल. की आर्डर बुक 6811 करोड़ रूपये थी और हमें वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 1544 करोड़ रूपये मूल्य के आर्डर प्राप्त हुए हैं, जिससे अब तक आर्डर बुक बढ़कर 7510 करोड़ रूपये हो गई है। हमारी भविष्य की परियोजनाओं में ए.टी.टी. और डी.बी.सी., तीसरी पीढ़ी की साइटिंग प्रणाली, एम.बी.टी.अर्जुन टैंक एम.के.-1ए के लिए जी.एम.एस. और

इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम शामिल हैं। आई.ओ.एल. ने बी.एम.पी. के लिए फ्यूजन तकनीक आधारित डी.एन.एस. की पूरी मात्रा भी सफलता पूर्वक वितरित की है।

असॉल्ट राइफल के लिए टेलीस्कोपिक साईट की आपूर्ति जनवरी 2025 से शुरू होने की उम्मीद है। आत्मनिर्भरता के लिए सरकार की नीति के अनुरूप आई.ओ.एल. ने टी-90 टैंक के लिए इलैक्ट्रो ब्लॉक, मजल साईट, यू.पी.वी. 125, टी-72 टी.आई.एफ.सी.एस. के लिए केबल हार्नेस और भारतीय नौसेना के लिए टॉरपीडो के लिए स्पूल ए एंड बी का सफलतापूर्वक स्वदेशीकरण किया है।

आपसी विश्वास और जवाबदेही की संस्कृति बनाकर विकास की गति को बनाये रखा जा सकता है। मेरे प्यारे दोस्तों हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा मानव संसाधन है। इसलिए आप में से प्रत्येक का कल्याण सर्वोपरि है। मैं समावेशी उत्पादन के लिए अनुकूल माहौल की कल्पना करता हूं, जहां न केवल हमारे लोगों की वास्तविक आकाक्षाओं और कल्याण का ध्यान रखा जायेगा बल्कि चिंताओं का भी उचित रूप से संबोधन किया जायेगा। आई.ओ.एल. उन लोगों को पहचानने और पुरूस्कृत करने के लिए उचित पहल और कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है जो संभावनाओं को वास्तविकता में बदल सकते हैं।

वर्ष 2025 में आप सभी के साथ एक फलदायी यात्रा की आशा है। हम सभी मिलकर बड़े जोश और उत्साह के साथ आई.ओ.एल. को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिये कार्य करेंगे।

जय हिंद’

तु. त्रिपाठी

( तुषार त्रिपाठी )